# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya

(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in


क्रमांक 622/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 31.10.2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 225वीं बैठक दिनांक 31.10.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

**Subject :-** Dispatch of minutes of 225th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 31-10-2025.

---0---

**महोदय/महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 31.10.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 225वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 225th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 31-10-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 623/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 31.10.2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 225वीं बैठक दिनांक 31.10.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 225वीं बैठक दिनांक 31.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 मनोज कुमार | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 विनोद कुमार विश्वकर्मा | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य. |
| 21. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओडीएल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आर.के. चौबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास
2. प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया गया तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

Randive
31-10-2025

31/10/2025

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 224वीं बैठक दिनांक 09.10.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **रसायन विज्ञान विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 01.08.2025 द्वारा अनुशंसित संशोधित 04 – Year UG Programme की पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि रसायन विज्ञान विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 01.08.2025 द्वारा अनुशंसित संशोधित 04 – Year UG Programme की पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन हो।

**विषय क्र. 04.** **छात्रों की Caution Money Deposit की वापसी के मौजूदा फॉर्म में संशोधन पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि छात्रों की Caution Money Deposit की वापसी के मौजूदा फॉर्म में संशोधन संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि नये प्रपत्र के प्रारूपण हेतु प्रारूपण समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 05.** **गुरू घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में बाबू जगजीवन राम शोध पीठ स्थापित करने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में बाबू जगजीवन राम शोध पीठ स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि बाबू जगजीवन राम शोध पीठ स्थापना हेतु आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं सुचारू संचालन हेतु समिति गठित की जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 06.** **अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 29.09.2025 के कार्यवृत्त पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 29.09.2025 के कार्यवृत्त के माध्यम से 06 विषयों पर प्राप्त अनुशंसाओं को मान्य किया जाय एवं तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

**विषय क्र. 07.** **जीजीवी के शिक्षकों/कर्मचारियों के लिए नवाचार और स्टार्टअप नीति हेतु दिशा–निर्देश तैयार किये जाने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि जीजीवी के शिक्षकों/कर्मचारियों के लिए नवाचार और स्टार्टअप नीति हेतु दिशा–निर्देश तैयार करने संबंधी प्रस्ताव पर सैद्यांतिक सहमति है, तथापि दिशा–निर्देशों के प्रारूपण हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

31-10-2025

31/10/2025

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष उन्नत भारत अभियान योजना के अंतर्गत बिरकोना गांव को गोद लिये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि उन्नत भारत अभियान योजना के अंतर्गत बिरकोना गांव को गोद लिये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु समिति गठित की जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष डॉ0 नायरा मैकर्टचयन, अरमेनिया के अकादमिक भ्रमण संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि डॉ0 नायरा मैकर्टचयन, अरमेनिया के अकादमिक भ्रमण संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय। उनके यात्रा एवं अतिथि सत्कार में होने वाले व्यय का भुगतान प्रभावी नियमों के अधीन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय में सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेब पटल पर आवश्यक दस्तावेज जमा कराये जायें।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 सीमा राय, अधिष्ठाता–जीव विज्ञान विद्यापीठ ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों में विद्यार्थियों के उपस्थिति संबंधी विषय एवं समस्याओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत की तथा समय–समय पर इस विषय पर जारी दिशा–निर्देशों को प्रभावी रूप से लागू किये जाने का विचार प्रस्तुत किया। उक्त प्रस्ताव का प्रो0 एस.सी. श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ ने समर्थन किया।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति के समक्ष विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक आहूत की गई तथा कक्षाओं में विद्यार्थियों के उपस्थिति तथा उक्त उपस्थितियों को दर्ज करने के उपरान्त माह के अंत में विद्यार्थियों के सूचना हेतु जारी करने संबंधी मौखिक निर्देश दिये गये तथा इस संबंध में पूर्व में जारी दिशा–निर्देशों (कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 661/अका/2024 दिनांक 06.09.2024) का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा गया।

स्थायी समिति ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की उपस्थिति निर्धारित संख्या से कम होने पर विद्यार्थी को एवं उसके अभिभावक को आवश्यक सूचना संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा जारी किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

31-10-2025 31/10/2025

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव    कुलपति/अध्यक्ष